मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 ▪ अंक - 17 ▪ मुंबई, सोमवार, दिनांक 16 जनवरी से 22 जनवरी 2023 ▪ पृष्ठ : 4 ▪ कीमत : 3 /- रुपये

## उर्फी जावेद मामले में हुई राज ठाकरे की पत्नी शर्मिला की एंट्री, प्रतिक्रिया देते हुए कही ये बात

**मुंबई:** मॉडल उर्फी जावेद अपने अतरंगी ड्रेसिंग सेंस के चलते अक्सर सुर्खियों में रहती है। अपने इस अलग अंदाज के चलते उर्फी कई बार मुश्किल में फंस जाती है। उर्फी के खिलाफ बीजेपी नेता चित्रा वाघ ने मोर्चा खोल दिया है। बीजेपी नेता ने मुंबई पुलिस से उर्फी के खिलाफ कार्रवाई करने के मांग की है। वहीं, उर्फी जावेद ने सीधे तौर पर चित्रा वाघ की मांग को यह कहकर खारिज कर दिया कि मुझे अपने कपड़ों का चयन करने का पूरा अधिकार हैं। उर्फी जावेद ने चित्रा वाघ पर धमकी देने का भी आरोप लगाया है। इस मुद्दे पर अब राज ठाकरे की पत्नी शर्मिला ठाकरे का रिएक्शन आया है।

शर्मिला ठाकरे नवी मुंबई में क्रिकेट मैच देखने आई थीं। इस मौके पर उन्होंने मैच के आयोजकों की सराहना की। साथ ही सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। फिर पत्रकारों ने उनसे पूछा कि उर्फी जावेद मामले पर एक



महिला के तौर पर आपकी क्या राय है? इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, ''मैं पूरे कपड़े में घूमती हूँ, मुझे बाकी के बारे में नहीं पता।

वहीं, चित्रा वाघ ने कहा है कि वह उर्फी जावेद को लेकर अपने रुख पर कायम हैं। बीजेपी नेता ने कहा, ''मेरी आवाज को दबाने की कोशिश के लिए इस मामले का इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि मैं उससे डरती नहीं हूं। मैं अपनी बात पर कायम हूं। लोग मुझसे पूछते रहे हैं कि जब चित्रा वाघ लगातार उर्फी के बारे में बात करती है। लेकिन, मैं खुद से उर्फी की बात नहीं कर रही हूं। मुझसे सवाल पूछे जा रहे हैं, इसलिए मैं जवाब देती हूं। मैंने केवल एक ही मुद्दा उठाया है कि सार्वजनिक स्थानों पर नग्नता की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। अगर इस अवस्था में एक मां की आवाज चित्रा वाघ द्वारा उठाई जाती है, तो इसमें क्या बात है?

इस बीच चित्रा वाघ का कड़ा विरोध होने के बावजूद उर्फी जावेद का कोई असर होता नहीं दिख रहा है। उर्फी जावेद आज भी टाइट कपड़ों में फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करती नजर आती हैं।

## भारी बैग का दबाव

## किताबों के बीच सिसकते बचपन!




**पालघर :** किताबों के बीच सिसकते बचपन ने शिक्षा की बुनियाद को हिलाकर रख दिया है। एक छोटे बच्चे के लिए दस-बारह किताबें रोज स्कूल ले जाना और उन्हें पढ़ना कठिन होता है, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि भारी बैग के दबाव के कारण बच्चे गर्दन, पीठ दर्द का तो शिकार हो ही रहे हैं, साथ ही बस्ते के बढ़ते अनावश्यक बोझ से बच्चे मानसिक रूप से कुंठित भी हो रहे हैं। शिक्षा एवं स्मार्ट स्कूलों का दावा करनेवाले प्राइवेट स्कूल, नर्सरी एवं प्राइमरी कक्षाओं में बस्ते के वजन को लेकर जारी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते दिख रहे हैं। छोटी कक्षाओं के बच्चों के बस्ते (बैग) का वजन भी बड़ी कक्षाओं के बच्चों से भारी है। इससे अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई करनेवाले बच्चे बोझ की मार झेल रहे हैं।

स्कूल बैग का बढ़ता बोझ निरंतर चिंता का विषय बना हुआ है। भारी बैग की वजह से बच्चों के कंधों पर जरूरत से अधिक दबाव पड़ता है। बच्चों के परिजनों का कहना है कि केजी के बच्चे के बैग का वजन २ किलो तक होता है, जबकि दूसरी क्लास तक पहुंचते-पहुंचते यह बढ़कर ४ किलो हो जाता है। पांचवीं में स्कूल बैग का वजन ५ से ७ किलो तक हो जाता है। पालघर जिले में प्राइमरी में करीब दो लाख से ज्यादा बच्चे पढ़ते हैं।

प्राइवेट स्कूलों में मासूमों पर बस्ते का भार कम करने के लिए न तो शिक्षा विभाग किसी तरह की लगाम लगा रहा है न तो सरकार शिकंजा कस रही है। प्राइवेट स्कूलों की ओर से छोटे बच्चों के लिए अलग-अलग तरह की पुस्तकें, कॉपियां, ड्रॉइंग बुक आदि लाद देते हैं। जिससे भारी भरकम बस्तों के बोझ तले बचपन दब रहा है।

## मीरा-भायंदर में नहीं है वाहन पार्किंग!

## सड़क पर खड़ी करें तो उठा ले जाती है पुलिस

**भायंदर :** मीरा-भायंदर में वाहन चालकों की हालत आगे पहाड़ पीछे खाईं जैसी है। अधिकांश सार्वजनिक जगहों पर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था नहीं है और अगर सड़क पर गाड़ी पार्क की तो यातायात पुलिस उठा ले जाती है। मतलब चालकों को मजबूरी में मुसीबत मोल लेनी पड़ती है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे अन्यायकारी बताया है और बिना पार्किंग इंतजाम वाले सार्वजनिक स्थलों से गाडियां नहीं उठाने की मांग की है। इसके लिए बीजेपी जिला अध्यक्ष एडवोकेट रवि व्यास और कोषाध्यक्ष सुरेश खंडेलवाल ने क्रमशः पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है। उनका कहना है कि मीरा-भायंदर महानगरपालिका मुख्यालय, महानगरपालिका प्रभाग कार्यालय, बैंक, अस्पताल, पोस्ट ऑफिस, पूजा स्थल, पुलिस थाने, पुलिस आयुक्तालय और उपायुक्त कार्यालय, कई प्रतिष्ठान आदि सार्वजनिक जगहों पर वाहनों के



पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं हैं। मजबूरी में लोग सड़क पर गाड़ी पार्क करते हैं, लेकिन वहां गाड़ियां यातायात पुलिस उठा ले जाती है।

### नहीं उठाई जातीं री-सेल और गैरेज की गाड़ियां

खंडेलवाल ने कहा कि यह पुलिसिया कार्रवाई न्याय संगत नहीं हैं। उन्होंने इसे रोकने की मांग पुलिस कमिश्नर से की है। खंडेलवाल ने कहा कि दूसरी तरफ कई जगह सर्विस रोड, फुटपाथ और सड़क पर सेकंड हैंड गाड़ियां बिक्री और मरम्मत के लिए गैरेज के बाहर खड़ी रहतीं हैं। उन पर कार्रवाई नहीं होती है। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस का यह दोहरा मापदंड है। जिलाध्यक्ष रवि व्यास ने कहा कि आबादी के साथ ही गाड़ियों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। लोग पूजा-पाठ, महानगरपालिका, पुलिस, बैंक में काम और खरीदारी के लिए दुकानों में जाते हैं, तो स्वाभाविक है वहीं पर गाड़ियां पार्क करेंगे। गाड़ी उठा ले जाने से लोगों का समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है। ऊपर से उन्हें मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ती है ।

### टोइंग से पहले गाड़ी हटाने की उद्घोषणा जरूरी

इस मामले पर पूर्व नगरसेवक रोहित सुवर्णा ने कहा कि गाड़ी उठाने का एक नियम है। जिसके तहत गाड़ी उठाने से पहले पुलिस को मेगा फोन से उसे हटाने की उद्घोषणा उसके नंबर और रंग की जिक्र के साथ करनी होती है। इसके बावजूद भी अगर चालक गाड़ी नहीं हटाता है तभी पुलिस गाड़ी टोइंग कर ले जा सकती है।

## संक्रांति : कल्याण में अपनों के बीच समाजसेवी श्री जेपी शर्मा और उनकी पुरी टीम

**मुंबई:** जीवन में सफल बनो.. पर उस रास्ते से नहीं.. जिसे दूसरों को बताने में संकोच और शर्म आए! इन्हीं मन की लहरों को लेकर कल कल्याण में आगमन हुआ हिंदी सप्ताहिक कदम कदम परिवार के अभिभावक, समाजसेवी श्री जेपी शर्मा जी का उन्होंने कल्याण में अपने शुभचिंतकों के बीच 3 घंटे बिताए।सभी के प्रिय श्री जेपी शर्मा जी और उनकी पूरी टीम का कल्याण आगमन पर अखिल भारतीय सविता महासंघ अध्यक्ष कल्याण ने पुष्पगुच्छ देकर सभी का प्रचंड स्वागत किया। संक्रांति के अवसर पर कल्याण में आयोजित कई धार्मिक कार्यक्रम में श्री जेपी शर्मा जी ने शिरकत की।

मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में समाज को संदेश देते हुए प्रधान संपादक श्री छोटे लाल शर्मा जी ने कहा कि जीवन में खुशियों का अर्थ अपनों से अथवा दूसरों से लड़ना, उलझते रहना नहीं है, बल्कि हर संभव प्रयास से उनसे बचकर रहना है। कुशलतापूर्वक उनसे पीछे हटना भी एक बहुत बड़ी जीत और समझदारी है!

खुशी से संतुष्टि मिलती है और संतुष्टि से खुशी मिलती है। परंतु दोनों का फर्क बहुत बड़ा है। खुशी थोड़े समय के लिए संतुष्टि देती है, और संतुष्टि हमेशा के लिए खुशी देती है। अपने अनमोल विचारों









को अपने प्रशंसकों के बीच प्रबंध संपादक अनिल शर्मा जी ने रखा।

अपने संबोधन में महात्मा अनंत लाल शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार खौलते पानी में कभी परछाई नहीं दिखाई देती, ठीक उसी प्रकार उदिग्न या अशांत मन से कभी समाधान नहीं मिल सकता। अतः शांत और स्थिर मन से ही सभी समस्याओं का हल ढूंढ़ा जाना चाहिए और ऐसे संगमप्रिय त्योहारों पर परस्पर मुलाकात कर त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ अपनों बीच मनाना चाहिए।

'आपका दुःख - तिल जैसा हो, आपका सुख - गुड़ जैसा हो' और आपका पूरा जीवन तिल-गुड़ की तरह बीते इन्हीं भावनाओं को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर युवा समाजसेवी एवं अखिल भारतीय सविता महासंघ के उप कोषाध्यक्ष श्री नवनीश शर्मा ने रखा।

कहा जाता है कि हर चीज की शुरूआत मीठे से होती है इसी लाइन को चरितार्थ करते हुए भारत का आशीर्वाद मकर संक्रांति का पर्व के अवसर पर श्रीमती रंजना लक्ष्मीकांत शर्मा ने अपने घर आए हुए अतिथियों श्री जेपी, श्री छोटेलाल, श्री अनिल, महात्मा अनंत लाल, श्री नवनीश, श्री अशोक, श्री शिवप्रसाद, श्री जयनाथ, युवा बिजनेसमैन श्री अभिषेक, श्री राकेश, श्री सुनील श्रीवास्तव को तिळगुळ खिलाकर महाराष्ट्र की परंपरा ''तिळगुळ घ्या व गोड गोड बोला'' से सभी को मकर संक्रांति की शुभेच्छा दी।

## संपादकीय

### क्या नेताओं के बोलने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है?2

उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट का इस नतीजे पर पहुंचना व्यापक प्रभाव छोड़ने वाला हो सकता है कि यह मानना ठीक नहीं कि किसी मंत्री का वक्तव्य सरकार का कथन है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ आजम खान के उस बयान को लेकर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दुष्कर्म के एक मामले में उन्होंने कहा था कि यह घटना अखिलेश सरकार को बदनाम करने की साजिश है। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद उन्हें अपने इस बेतुके बयान के लिए क्षमा याचना करनी पड़ी थी। इस प्रकरण में यह प्रश्न शेष रह गया था कि क्या नेताओं के बोलने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है?

यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि ऐसा नहीं किया जा सकता। किसी प्रतिबंध की पहल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर आघात होती, लेकिन शीर्ष न्यायालय का निर्णय इस आम धारणा के विपरीत है कि किसी मंत्री का कथन सरकार का वक्तव्य होता है। अब उसके निर्णय की मनमानी व्याख्या हो सकती है और किसी भी मंत्री के अनपेक्षित, अमर्यादित बयान को उसके निजी बयान की संज्ञा देकर पल्ला झाड़ा जा सकता है। इतना ही नहीं, बड़बोले मंत्री बेलगाम हो सकते हैं, क्योंकि अब उनके पास यह आड़ होगी कि उनका बयान सरकार का कथन नहीं है।

यह ध्यान रहे कि मंत्री अपने बयानों के मामले में मंत्रिमंडल के सामूहिक दायित्व के सिद्धांत से बंधे रहते हैं। यदि वे उससे मुक्त हो जाएंगे तो यह कोई अच्छी स्थिति नहीं होगी। एक प्रश्न यह भी उभरेगा कि यह कैसे तय होगा कि किसी मंत्री का कौन सा कथन निजी माना जाए और कौन सरकार का? अच्छा होता कि इसका समाधान किया जाता। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि नेताओं के बेतुके बयान एक समस्या बन गए हैं। जिम्मेदार पदों पर बैठे नेता और यहां तक कि मंत्री भी प्राय: ऐसा कुछ बोल जाते हैं, जो संबंधित दल या सरकार की शर्मिंदगी का कारण तो बनता ही है, आम जनता को उद्वेलित और आक्रोशित भी करता है। यद्यपि विचारार्थ मामले की सुनवाई में शामिल न्यायाधीश नागरत्न ा ने अधिकांश बिंदुओं पर संविधान पीठ के अन्य सदस्यों से सहमति जताई, लेकिन उन्होंने यह एक सही सुझाव दिया कि राजनीतिक दलों को अपने नेताओं की ओर से दिए जाने वाले भाषणों को नियंत्रित करना चाहिए।

यह काम एक आचार संहिता बनाकर आसानी से किया जा सकता है। उचित यह होगा कि सभी दल यह समझें कि अभिव्यक्ति की आजादी का यह अर्थ नहीं कि जिसके जो मन आए, वह बोले। नेताओं को मर्यादा की सीमा में बांधना इसलिए और आवश्यक है, क्योंकि उनके बयान समाज को कहीं अधिक प्रभावित करते हैं। अभिव्यक्ति की आजादी जिस जिम्मेदारी की मांग करती है, उसकी पूर्ति कैसे हो, इस पर राजनीतिक दलों को विचार करना ही चाहिए।

– संपादक : छोटेलाल शर्मा

# कंबल वितरण का किया गया भव्य आयोजन





**सीखड़,** शुक्रवार 13 जनवरी को श्री केदारनाथ एवं सत्य प्रकाश व अमित कुमार की स्मृति में कंबल वितरण का कार्यक्रम गोरैया ग्राम प्रधान गौरया धनंजय मिश्रा द्वारा काफी नेक एवं पुनीत कार्य किया जा रहा है जो काफी सराहनीय है उन्होंने कहा कि गरीबों के विकास के लिए केंद्र की मोदी को प्रदेश की योगी सरकार पूरी तरह संकल्पित है यही कारण है कि भाजपा सरकार ने गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास वितरित किए हैं।

किसान सम्मान निधि उज्वला योजना सहित जो भी योजनाएं सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं उसकी सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति मेरी आवश्यकता हो कोई भी समस्या हो तत्काल फोन करें मैं निदान करने की पूरी कोशिश करूंगा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य कृपाशंकर सिंह गुड्डू शुक्ला सतीश उपाध्याय सौरभ पांडेय आदि ने संबोधित किया उक्त अवसर पर कैलाश नाथ उपाध्याय प्रभु नाथ त्रिपाठी अखिलेश





ग्राम सभा में आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी श्याम नारायण सिंह विनीत रहे कंबल वितरण समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश में निवास करने वाले निर्धनों को कंबल वितरण किया जा रहा है आयोजक को बिना किसी भेदभाव के दिया जा रहा है उन्होंने कहा की अपने निधि से प्रत्येक गांव में सोलर लाइट प्रत्येक गांव सभा में को दूंगा ग्राम प्रधान उसे सार्वजनिक स्थल पर मंदिर पर लगवाएं जिसे उसका लाभ पूरे गांव को मिल सके कभी भी किसी को चतुर्वेदी ने किया कार्यक्रम का संचालन उमेश चंद्र पांडेय द्वारा किया गया कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया जिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार सिंह जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे जिला पंचायत सदस्य संजय त्रिपाठी, प्रधान मनोज कुमार त्रिपाठी, डाक्टर निलेश कुशवाहा , डाक्टर विंध्य बहादुर सिंह,शीतलेश्वर पाठक, कृष्ण कुमार सिंह एडवोकेट महेंद्र नारायण पाठक नागेंद्र त्रिपाठी गोपीनाथ मिश्रा सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 'चेहरा तेरा नूरानी है', नाबालिग को देखकर परेशान करता था 43 साल का शख्स, अब हुई तीन साल की सजा

**मुंबई,** एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है. दरअसल, यहां 43 साल का एक आदमी पड़ोस में रहने वाली नाबालिग को कई दिनों से परेशान कर रहा था. उसे देखकर 'चेहरा तेरा नूरानी है' गाना गाया करता था. पीड़िता और उसका परिवार इस हरकत से खासे परेशान थे. आखिरकार लड़की की मां ने थाने में जाने की हिम्मत जुटाई तो शख्स हिंसक हो गया और नाबालिग लड़की थप्पड़ मारा. इस मामले में अब कोर्ट ने उसे तीन साल की सजा सुनाई है. आरोपी के प्रति सख्त रवैया अपनाते हुए कोर्ट ने कहा कि निश्चित रूप से वह एक पड़ोसी होने के नाते वह जानता है कि पीड़िता नाबालिग थी, कॉलेज में पढ़ती थी. आरोपी का अपना परिवार भी है. यहां तक कि आरोपी और पीड़िता के बीच उम्र के अंतर को देखते हुए, आरोपी का कृत्य बिल्कुल न्याय देने योग्य नहीं है. एनबीटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह मामला 12 मार्च, साल 2017 का है.

# 'नगर सेवक जी का बड़े धूम धाम से मनाया गया जन्म दिन'




**भयंदर.** आज जहा पुरे देश मकर संक्रति ( खिचड़ी ) का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है वही दूसरी तरफ भयंदर ईस्ट केविन रोड के बहुचर्चित भारतीय जनता पार्टी के संघर्षसील जुझारू नेता दिन रात लोगो की सेवा करने वाले जनप्रतिनिधि नगर सेवक श्री प्रकाश सिंह जी अपना जन्मदिन बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया उत्तर प्रदेश की सरजमी से गोंडा जिले के रहने वाले सिंह साहब ने आज केबिन रोड स्थित अपने कार्यालय के सामने तमाम कार्यकर्ताओ समाजसेवियों के साथ अपना जन्म दिन मनाया इस अवसर पर समाज सेवा में तत्पर सामाजिक संस्था श्री मानव कल्याण सामजिक संस्था के तमाम पदाधिकारियो ने नगर सेवक जी जन्म दिन हार्दिक शुभ कामना देने के लिए उनके मंच पर पहुचे इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राज कुमार शुक्ला जी अपने तमाम सेवाभावी लोगो के साथ हार्दिक शुभ कामना दी



देवनारायण मंदिर निर्माण कार्यक्रम में गुर्जर समाज अध्यक्ष का महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के ओर से स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अशोक पवार



'श्री मानव कल्याण सामाजिक संस्था का खिचड़ी महोत्सव' भयंदर . मकर संक्रांति के इस शुभ अवसर पर जहा पुरे देश में खिचड़ी का त्यौहार मनाया जा रहा है वही पर गरीब असहाय अनाथ लोगो की मदद के लिए सदैव अग्रसर गौ सेवा शिक्षा बीमारी प्राकृतिक आपदा में अपना सर्वत्र योगदान देने वाली संस्था ने आज अपने कार्यालय पर श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया और तमाम लोगो के लिए इस महापर्व पर महाप्रसाद में खिचड़ी का भी आयोजन किया गया

# मकर संक्रांत संस्कृतियों को जोड़ने वाला पर्व -प्रिन्स वर्मा

## टीम मानवता ने गरीबों को कराया भोजन

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** मकर संक्रांति पर टीम मानवता ने आज कई जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर खिचड़ी प्रसाद एवं भोजन वितरण किया। जरूरतमंद लोगों को वस्त्र,फल बांटे गये। 350 से ज्यादा लोगों को भोजन और खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया।

प्रिंस वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि मकर संक्रांत संस्कृतियों को जोड़ने वाला देश का पहला पर्व है। आज खुशियों के पल अपनों के संग कार्यक्रम के तहत बिलासपुर कुष्ठ रोग बस्ती में डॉ अमित मिश्रा एवम उनकी गरिमा मिश्रा द्वारा अपने जन्मदिन पर दवाइयां व भोजन वितरण किया। जीपीएम जिले में सनी आगवानी द्वारा खिचड़ी खिलाई गई। टीम मानवता से प्रभावित होकर बहुत से लोगो ने सदस्यता ग्रहण की।

आज के कार्यक्रम में अभिषेक, मनोज, सुधीर, मीरा, संदीप, मनीष अग्रवाल, राहुल ताम्रकार, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, नीलेश साहू, अनिल शिवदासानी ,जितेन्द्र जैन, पीयूष अग्रवाल, कालू शर्मा, राहुल सेन, प्रिंस, अरुणिमा, गोविंद एवं टीम मानवता के अन्य सदस्य उपस्थित थे ।








# मुंबई के पुर्व महापौर स्व.आर आर सिंह याद किये गये

**मुंबई:** मुंबई के पुर्व महापौर, मुंबई कांग्रेस के पुर्व प्रभारी अध्यक्ष *स्व.आर.आर.सिंह की 85वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस कार्यालय, मुलुंड कालोनी पर किया गया ।



इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बी के तिवारी (पुर्व नगरसेवक),

डॉ.आर.आर.सिंह (सुपुत्र ),डॉ बाबु

लाल सिंह,उत्तम गीते(कार्याध्यक्ष ईशान्य मुंबई कांग्रेस),भरत सोनी

(प्रवक्ता), उत्तर भारतीय सेल महाराष्ट्र कांग्रेस के महासचिव डॉ. सचिन सिंह,

डॉ.आर.एम.पाल,दयाशंकर सिंह, सचिव मोहन लाल राज, बबिता गुप्ता,शरीफ खान (अध्यक्ष समता हाकर्स युनियन),राजेश इंगले,संतोष सोनावणे, उमेश वाणी,जिला कांग्रेस नेता रईस खान,भगवान किशोर तिवारी,अजय शर्मा,धर्मेश सोनी, राजन उटवाल,अश्विनी पोचे(अध्यक्ष महिला सेवादल),युवक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद यादव, मोहित सिंह (जिला युवा महासचिव),संतोष सिंह (अध्यक्ष सेवादल),जीतेन्द्र शर्मा (अध्यक्ष उत्तर भारतीय सेल),ब्लाक अध्यक्ष हरीश गुप्ता,विट्ठल सातपुते,शिक्षाविद चंद्रवीर यादव, राजकुमार यादव,सुरेंद्र मिश्र, शीतला प्रसाद सिंह, सौ.संगिता वाजे(अध्यक्ष मुलुंड महिला राकापा),पप्पुजोशी(भाजपा नेता),समाज सेवी हरिराम वर्मा,रामअचल पटेल,अर्जुन लाल वर्मा,कांग्रेस नेता रामु जैसवाल, पूर्णमासी सिंह, मनीष ठक्कर, विपुल गोगरी,निक्सन, जीतु वर्मा,राजकुमार गुप्ता,राजबहादुर गुप्ता, विनोद कजानिया, रामनाथ लोहार,किशोर इसरानी,रामजी, वजीरानी,जगदीश शर्मा,राणा सिंह पत्रकार जगन्नाथ मोरे,दिलीप भौमिक, बिपीन पांचाल,बिपीन जोशी,एवम कई पदाधिकारीयों,कार्यकर्ताओ ने उपस्थित होकर स्व. आर.आर.सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम पुष्प द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर बोलते हुए बी के तिवारी,डॉ बाबुलाल सिंह ने कहा कि आर.आर.सिंह मुंबई के प्रथम उत्तर भारतीय महापौर बने,वे लगातार 7बार जीत कर मुंबई मनपा में प्रतिनिधित्व किये।मुलुंड के सुनियोजित विकास की योजना उन्होने बनाई और उसे मूर्त रूप दिया। उन्होने संपुर्ण मुलुंड में कार्य कर कांग्रेस कार्यकर्ताओ की फौज खडी किया।समग्र मुंबई के विकास का रोडमैप उनके निगाह एवम मष्तिष्क में रहता था,इसलिए उनसे सलाह लेने मंत्री,सांसद, महापौर, कमिश्नर एवम मंत्रालय के उच्च स्तरीय अधिकारी उनके पास सलाह लेने आते थे।

# नेरुल में अखंड रामायण पाठ सम्पन्न



**कल्याण,** भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित रमानाथ त्रिपाठी के आवास सी ब्रिज को ऑप हौ सोसायटी सेक्टर 16 नेरुल में 20 वें साल संगीतमय श्रीरामचारित मानस पाठ का आयोजन सम्पन्न हुआ। समापन पर कल्याण के समाज सेवक और राकापा महाराष्ट्र के नेता पारसनाथ तिवारी को रामनामी शाल देकर पंडित रमानाथ त्रिपाठी ने उनका सम्मान किया।

इस धार्मिक अनुष्ठान को सम्पन्न कराने के लिए पंडित नवलेश किशोर मिश्रा ने सुनील त्रिपाठी और उनकी धर्मपत्नी प्रीति त्रिपाठी को यजमान बनाया है।इस कार्यक्रम का आयोजन रमानाथ त्रिपाठी और उनकी धर्म पत्नी समरसती देवी त्रिपाठी ने किया है। नवीन सिंह,अनिल सिंह,आर के शर्मा,कप्तान बी सी सिंह का विशेष रूप से सहयोग रहा है।

फोटोः-कपिलदेव

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**

**संरक्षक**
जे.पी. शर्मा

**संपादक**
छोटेलाल शर्मा
09819862172

**प्रबंध संपादक**
अनिल शर्मा
09833329721

**उप संपादक**
हरिशंकर शर्मा (मुंब्रा)
राजन शर्मा

**आर्थिक सलाहकार**
सतीशचंद्र गुप्ता

**प्रतिनिधि**
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा

**कानूनी सलाहकार**
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. 9452791570
(न्याय क्षेत्र मुंबई)

**सभी पद अवैतनिक हैं**
**व्हॉट्सएप नं. 9833235063**
E-mail:kadamkadampar1@gmail.com



**मकर संक्रांति के पावन पर्व पर, नारायणी सेना के प्रदेशअध्यक्ष श्री अशोकजी पवार खंडालकर द्वारा आज रवि किरणों से सजी सुहानी प्रकाशमयी भोर की बेला पर औरंगाबाद के निष्ठावान कारकर्ता श्री विजयजी पीडियार के निवास पर आज संक्रांति पर्व पर शुभ कामना देते हुए तथा हमारे महाराष्ट्र की परंपरा तिल गुड़ घ्या, आनी गोड गोड बोला तिल गुड़ कि मिठास द्वारा शुभेच्छा**

# विश्वकर्मा समिति मुंबई ने शुरू की एकता की पहल




**मुंबई।** विश्वकर्मा समाज में सामाजिक एकता व भाईचारा मजबूत बनाने के लिए

'समाज जोड़ो अभियान' की शुरूआत मकर संक्रांति के अवसर पर की गई। विश्वकर्मा समाज की अग्रणी सामाजिक संस्था विश्वकर्मा समिति मुंबई की ओर से सांताक्रुज स्थित विश्वकर्मा समिति मुंबई हाल में आयोजित 'समाज जोड़ो अभियान' में मुंबई की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

विश्वकर्मा समिति मुंबई टास्क टीम के सदस्य राजेंद्र विश्वकर्मा, सुनील राना व अधिवक्ता जे.पी. शर्मा की अगुवाई में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने सामाजिक एकता की पहल का स्वागत किया। विश्वकर्मा फॉउंडेशन के अध्यक्ष राकेश विश्वकर्मा ने कहा कि हमें अगर सामाजिक विकास की दिशा में जाना है तो सामाजिक एकता को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ना होगा। विश्वकर्मा विकास समिति के संस्थापक सदस्य हरिश्चंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि पूर्व में हमारी संस्था की ओर से ऐसे प्रयास किये गए थे, जिसकी काफी प्रशंसा की गई थी।

कारपेंटर्स वेलफेयर एसोसिएसन के अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण विश्वकर्मा ने कहा कि समय के साथ हमें आपसी कटुता भूलकर भाईचारा मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करने होंगे। विश्वकर्मा समिति मुंबई टास्क टीम के सदस्य राजेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि सामाजिक एकता के बिना हम सब आगे नहीं बढ़ नहीं सकते।

उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समिति समाज की धरोहर है, आने वाली पीढ़ी के लिए यह प्रेरणास्रोत बनें इस दिशा में हम सबको मिलकर काम करने होंगे। सुनील राना ने कहा कि समाज में व्यवसाइयों का सम्मान होना चाहिए। संस्था को आगे बढ़ाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। अधिवक्ता जे. पी. शर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समिति मुंबई में सभी विवाद खत्म हो चुके है, अब समाज के सभी घटकों को लेकर हमें आगे बढ़ना होगा।

समारोह में विश्वकर्मा समिति मुंबई की स्थापना काल से संस्था की देख रेख करने वाले पूर्व संयुक्त मंत्री लल्लूराम विश्वकर्मा को प्रभार दायित्व से मुक्त कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के पूर्व पदाधिकारी मेवालाल विश्वकर्मा, धनराज शर्मा, रामनरेश विश्वकर्मा, दिनेश शर्मा, चंद्रिका प्रसाद विश्वकर्मा, लल्लूराम विश्वकर्मा ने संस्था स्थापना काल के समय से उत्तरोत्तर विकास पर अपने विचार रखे।

गंगाराम विश्वकर्मा, लल्लन विश्वकर्मा, रमेश शिवी, सुभाष विश्वकर्मा आदि ने भी विचार रखे।

## राकांपा सांसद सुप्रिया सुले की साड़ी में लगी आग, टला हादसा



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले की साड़ी में रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान आग लग गई। हालांकि, आग को तुरंत की बुझा लिया गया और कोई बड़ी घटना नहीं हुई। सुले की ओर से बाद में एक बयान जारी कर कहा गया कि वे सुरक्षित हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। बारामती से सांसद सुले एक कराटे प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के लिए हिंजावाड़ी में एक कार्यक्रम में पहुंची थीं। इसी दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के दौरान उनकी साड़ी में आग लग गई। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि माल्यार्पण करते समय सुले की साड़ी मेज पर रखे एक दीप से छू गई और इससे साड़ी में आग लग गई। सुले ने एक बयान में कहा, ''कराटे प्रतियोगिता के उद्घाटन के समय मेरी साड़ी में गलती से आग लग गई। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।




## विमान में 72 यात्रियों के साथ 5 भारतीय भी थे सवार...

**काठमांडू:** नेपाल के पोखरा में रविवार को हवाई अड्डे पर उतरने के दौरान पांच भारतीयों समेत 72 लोगों को लेकर जा रहा एक नेपाली यात्री विमान रविवार को नदी घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एक बचाव अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में कम से कम 68 लोगों की मौत हो गई है। नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण (सीएएएन) के अनुसार यति एयरलाइंस के ९एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पूर्वाह्न 10:33 बजे उड़ान भरी। पोखरा हवाई अड्डे पर उतरते वक्त विमान पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



**5 भारतीय यात्री भी थे सवार**

सीएएएन की समन्वय समिति, खोज एवं बचाव के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक दुर्घटनास्थल से 68 शव बरामद किए जा चुके हैं। अधिकारी ने कहा कि शवों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। साथ ही उन्होंने कहा कि चार और शव बरामद करने के प्रयास जारी हैं। विमान में पांच भारतीय, चार रूसी, दो कोरियाई के अलावा ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, अजेंटीना, इजराइल के एक-एक नागरिक सवार थे।

### विमान हादसे में कोई भी जिंदा नहीं बचा

**यति एयरलाइंस के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने कहा कि अभी तक किसी के जीवित बचने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि पोखरा में मौसम बिल्कुल ठीक था और विमान का इंजन भी अच्छी स्थिति में था। उन्होंने कहा हम नहीं जानते कि हवाई जहाज को क्या हुआ। वहीं, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने इस विमान दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच के लिए एक कमेटी का ऐलान किया है।**

## मुंबई के लॉज में पत्नी से देह व्यापार

### पुलिस ने फर्जी ग्राहक भेजकर किया भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे :** मुंबई के भायंदर में पुलिस ने कथित तौर पर अपनी पत्नी को देह व्यापार में धकेलने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार किया। उसके साथी को भी गिरफ्त में लिया गया है। बता दें कि पुलिस ने दो महिलाओं को इस दलदल से बचाकर शेल्टर होम भेजा है।

**देह व्यापार की मिली थी जानकारी**

देह व्यापार के धड़ल्ले से चलते की सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मीरा-भायंदर इलाके में स्थित एक लॉज में शुक्रवार को छापेमारी कर दो महिलाओं को मुक्त कराया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पुलिस को देह व्यापार की पुख्ता जानकारी मिली थी, जहां पर धड़ल्ले से चल रहे देह व्यापार



के लिए 10,000 रुपये चार्ज किया जाता था। इस दौरान आरोपी महिलाओं से पैसे देने वाले व्यक्तिओं से संबंध बनाने के लिए कहते थे।

**एक्शन में नजर आए पुलिस अधिकारी**

देह व्यापार की जानकारी मिलने के तुरंत बाद पुलिस हरकत में आई और लॉज का रुख किया। पुलिस ने देह व्यापार को धड़ल्ले से चलाने वाले आरोपियों की जानकारी को पुख्ता करने के लिए लॉज में फर्जी ग्राहक भेजा। जिसके जरिए इस पूरे मामले का खुलासा हुआ।

## मोहम्मद आरिफ नसीम खान ने स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया

**मुंबई:** मकर संक्रांति के अवसर पर महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस




कमेटी के कार्याध्यक्ष व पूर्व मंत्री मोहम्मद आरिफ नसीम खान ने अंधेरी (पूर्व)साकीनाका स्थित होटल पेनिनसुला ग्रांड में बाटी -चोखा और उत्तर भारतीय समाज के लोगों में आपसी भाईचारा और प्रेम को कायम रखने के लिए स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया।इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री रमेश दुबे,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री चंद्रकांत त्रिपाठी,राकांपा के वरिष्ठ नेता पारसनाथ तिवारी, उत्तर भारतीय संघ मुंबई के अध्यक्ष संतोष आर एन सिंह,बी के तिवारी,राजेश शर्मा,डाक्टर राधेश्याम तिवारी,डाक्टर एच एन मिश्रा,श्रीनिवास तिवारी के अलावा मुंबई उत्तर भारतीय समाज के कई गणमान्य लोगों को उत्तर भारत का पसंदीदा गमछा देकर मोहम्मद आरिफ नसीम खान ने उन्हें सम्मानित किया। पारसनाथ तिवारी से मिली जानकारी के अनुसार इस स्नेह सम्मेलन में हजारों उत्तर भारतीय समाज के प्रबुद्ध लोगों ने अपने मनपसंद भोजन बाटी चोखा का स्वाद लेकर इस स्नेह सम्मेलन को कामयाब बनाया।

**फोटोः-कपिलदेव खरवार**

## मुलुंड कांग्रेस द्वारा 'पतंगोत्सव 2023' का आयोजन संपन्न

**मुंबईः** ईशान्य मुंबई जिला कांग्रेस, मुलुंड कांग्रेस द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर ''पतंगोत्सव 2023ह्व का आयोजन डॉ बाबासाहब आंबेडकर मैदान,डंपिंग रोड, मुलुंड प.पर किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथी के रूप में मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष भाई जगताप,कार्याध्यक्ष चरण सिंह सप्रा, जिलाध्यक्ष अब्राहम राय मणी, सम्मानित अतिथी के रूप में गोविंद सिंह (उपाध्यक्ष मु.का.),बी.के.तिवारी (पुर्व नगरसेवक),सुनील गंगवानी (महासचिव मु कां)वरिष्ठ कांग्रेस




नेता डॉ.बाबुलाल सिंह,डॉ.आर. आर.सिंह, किशोर मुंडेकल, अयुब सय्यद(सचिव मुं.कां),उत्तम गीते (कार्याध्यक्षई.मु.जि. का.),कांग्रेस नेता नीताजोशी,कैलाश पाटील, राजेश इंगले,हिरामन संसारे सहित कांग्रेस के कई गणमान्य नेता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के आयोजक डॉ. सचिन सिंह, संतोष सोनावणे,सुनील जैन, विठ्ठल सातपुते,राकेश राघवन ने सभी पतंगोत्सव में शामिल नेताओं का शाल,पुष्प गुच्छ प्रदान कर सत्कार किया।

इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को भारत जोड़ो यात्रा वाले पतंग और मांजा अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदान किया और स्वयं भी पतंग उडा कर बच्चों के साथ पतंगोत्सव में सहभागी हुये। महोत्सव को सफल बनाने में अरविंद यादव, मोहित सिंह, आदित्य गीते,डॉ. आर.एम.पाल, शरीफ खान, हरीश गुप्ता,करुणानिधि,श्री कृष्ण कांबले,राकेश मिश्र, संजय घरत, रिजवान का विशेष योगदान प्राप्त हुआ।







यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com